आकाशवाणी केन्द्र शिमला
18.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

पेड़–कटान

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश उच्च न्यायालय के सेब के पेड़ों को काटने के फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का रूख करेगी। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार वन भूमि पर फलों से लदे सेब के पेड़ों को काटने के पक्ष में नहीं है और न्यायालय को सेब के पेड़ों की नीलामी के लिए प्रदेश सरकार को उचित समय देना चाहिए।

*जो फल से लगे पेड़ काटे जा रहे हैं हमारी सरकार उस पक्ष में नहीं है हमारी सरकार चाहती है कि कम से कम अभी इन पेड़ों को ऑक्शन करने का हमें समय दिया जाए और मैं अभी बागबानी मंत्री जी से भी इस संदर्भ में बात करूंगा एक बैठक बुला रहा हूं मैं और हमें कैसे आगे बढ़ा जाए हाई कोर्ट हमारे इस मामले में कुछ सुनने को तैयार नहीं है तो हम देखते हैं कि हमें सुप्रीम कोर्ट कैसे जाना और किस आधार पर जाना और सब कानूनी पहलुओं के बाद ही हम आगे बढ़ेंगे*

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार से वन अधिकार अधिनियम में राहत प्रदान करने की मांग की है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि एफ.आर.ए. में राहत मिलने के बाद राज्य सरकार भूमि हिनों को पांच बीघा जमीन दे सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के कारण प्रभावित परिवारों के लिए मंत्रिमंडल में विचार विर्मश के बाद शीघ्र ही राहत पैकेज की घोषणा की जाएगी।

एच.पी.टी.डी.सी

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम कर्मचारी संघ की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है। संघ के एक प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार एच.पी.टी.डी.सी. को सहयोग देने और कर्मचारियों के हितों को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडी जिले के ततापानी में 30 कमरों वाला एक होटल बनाया जाएगा ताकि क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सके।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने वर्ष 2025–26 के लिए 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक की प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना को स्वीकृति देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह योजना आर्थिक और अन्य रूप से पिछड़े क्षेत्र के लोगों के लिए वरदार साबित होगी।

पैराग्लाइडिंग

प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को पैराग्लाइडिंग खेल गतिविधियों से जुड़े संचालकों की जानकारी उपलब्ध करवाने के आदेश दिए है। न्यायालय ने सरकार को शपथ पत्र दायर कर यह बताने के लिए कहा है कि कितने संचालकों के पास नियमों के अनुसार बीमा पॉलिसी हैं। इसके अलावा सरकार से नियमों की अनदेखी करने वाले संचालकों के खिलाफ की गई कारवाई की जानकारी भी न्यायालय को देने के निर्देश दिए है।

किन्नर कैलाश

किन्नौर जिले में 15 जुलाई से शुरू किन्नर कैलाश यात्रा के दौरान अब तक 8 सौ 98 श्रद्धालु पवित्र कैलाश के दर्शन कर चुके हैं। हालांकि वर्षा के चलते यह यात्रा आज के लिए स्थगित की गई है।

कैलाश के पवित्र दर्शन के लिए बीते 15 जुलाई से अब तक लगभग 898 श्रद्धालुओं ने पवित्र कैलाश के दर्शन किए जिनमें से लगभग 670 यात्री ऑफलाइन पंजीकरण के माध्यम से व लगभग 210 यात्रियों ने ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से यात्रा की वहीं नौकरी निगम के माध्यम से विभिन्न जातियों में शिव दर्शन की फिलहाल आज बारिश के चलते जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए यह यात्रा आज के लिए स्थगित कर दी गई है

मौसम

प्रदेश में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है और राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में रूक–रूक कर वर्षा का क्रम जारी है। मौसम विभाग ने आज शिमला, सोलन, मंडी, सिरमौर, कुल्लू, किन्नौर व लाहौल स्पीति जिले में वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया हैं जबकि अन्य जिलों में येलो अलर्ट घोषित किया है। प्रदेश में पिछले दिनों भारी वर्षा, भूस्खलन, बाढ़ व बादल फटने की घटनाओं के चलते अभी भी दो सौ 50 सड़कें, बिजली के 81 ट्रांसफार्मर और 61 पेयजल योजनाएं अवरूद्ध हैं। 20 जून से लेकर अब तक इस मॉनसून से जुड़ी घटनाओं में एक सौ 10 लोगों की मौत हो चुकी है, एक सौ 99 लोग घायल हैं जबकि 35 अन्य अभी भी लापता हैं।

———————